आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-106 कटनी ● बुधवार, 19 मई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष -8 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## नगर सैनिक और सिपाही निलंबित




इंदौर शहर में रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी के आरोपित ने विजय नगर थाने के जिस नगर सैनिक और सिपाही के सामने मीडिया को बयान दिया था उन्हें निलंबित कर दिया गया है। सिपाहियों पर लापरवाही का आरोप है, इनके सामने ही पकड़ाए गए आरोपित पुनीत अग्रवाल ने मंत्री तुसली सिलावट की पत्नी के ड्राइवर गोविंद राजपूत का नाम लिया था। उसके बयान का वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है। इसे लापरवाही माना गया था।

## कोविन पोर्टल भी हो गया क्रेश




28 अप्रैल को देश में बड़े जोर-शोर के साथ 18-45 साल के लोगों के लिए वैक्सीन लगाने का एलान किया गया, लेकिन रजिस्ट्रेशन शुरू होते ही कोविन पोर्टल क्रैश हो गया। कुछ लोग रजिस्ट्रेशन कराने में सफल रहे लेकिन आज 18 दिन बाद भी स्लॉट के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कोविन पोर्टल पर 18-45 साल वालों के लिए बुकिंग स्लॉट तो दिख रहा है लेकिन लॉगिन करके बुकिंग करने पर सारे स्लॉट गायब हो जा रहे हैं। हालत आईआरसीटीसी की वेबसाइट जैसी हो गई है।

# मां की सेवा के लिए छोड़ी थी कलेक्टरी, पर नहीं बच सकीं



**ग्वालियर ।** 2013 बैच के मप्र कैडर के आइएएस अनूप कुमार सिंह ने अपनी कलेक्टरी इसलिए ठुकरा दी थी कि उनके लिए बीमार मां की सेवा सबसे अहम थी। दिन-रात मां की सेवा और 35 दिन ग्वालियर के अस्पताल में संघर्ष के बाद अपर कलेक्टर अनूप कुमार सिंह की मां रामदेवी को नहीं बचाया जा सका। मंगलवार को उनका निधन हो गया। अनूप कुमार सिंह जबलपुर में अपर कलेक्टर के पद पर पदस्थ है। सात मई को शासन ने उन्हें दमोह कलेक्टर बतौर पदस्थ करने के आदेश जारी किए थे, लेकिन बीमार मां की सेवा के लिए अनूप कुमार सिंह ने पहली बार मिलने जा रही कलेक्टरी को स्वीकार करने में असमर्थता जता दी थी। शासन ने उनकी स्थिति जानने के बाद आदेश में बदलाव कर यथावत कर दिया। उप्र के कानपुर शहर के रहने वाले हैं। इटावा में भी घर है और बीमार होने के समय मां इटावा में ही थीं। उनके परिवार में पिता और तीन बहनें हैं। एक बहन की शादी हो चुकी है। फरवरी 2019 में अनूप कुमार सिंह यहां ग्वालियर में पदस्थ हुए और बतौर अपर कलेक्टर 14 जून 2020 तक रहे। इसके बाद उन्हें जबलपुर स्थानातंरित कर दिया गया । 13 अप्रैल 2021 को उनकी मां रामदेवी उम्र 67 साल की तबीयत बिगड़ी तो ग्वालियर नजदीक और बड़ा शहर होने के कारण यहां निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। भर्ती के समय उनकी कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आई फिर बाद में पाजिटिव हो गई। पिछले नौ दिनों से रामदेवी वेंटिलेटर पर थीं और उनका डायलिसिस चल रहा था। डॉक्टरों ने पूरा प्रयास किया, लेकिन मंगलवार सुबह उनका निधन हो गया। अनूप सिंह सब छोड़कर मां की सेवा में लगे रहे और पूरे प्रयास किए। निधन के बाद मां के शव को कानपुर ले जाया गया, जहां शाम को अंत्येष्टि कर दी गई। ग्वालियर निगमायुक्त शिवम वर्मा भी अंतिम संस्कार में कानपुर पहुंचे।

## बच्चों पर वैक्सीन के ट्रायल के खिलाफ याचिका




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 'भारत बायोटेक' को कोविड-19 रोधी टीके 'कोवाक्सीन' का बच्चों पर परीक्षण के लिए दी गई अनुमति रद्द करने के अनुरोध वाली याचिका पर बुधवार को केंद्र को अपना रुख स्पष्ट करने को कहा।मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने केंद्र और 'भारत बायोटेक' को नोटिस जारी कर 15 जुलाई तक याचिका पर उनका रुख स्पष्ट करने को कहा। उक्त याचिका संजीव कुमार की ओर से दायर की गई है। अदालत ने हालांकि कोविड-19 रोधी टीके 'कोवाक्सीन' के दो से 18 वर्ष के बच्चों पर 'क्लीनिकल ट्रायल' के लिए 12 मई को दी गई अनुमति पर कोई भी अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया।

### क्विक अपडेट



## भाजपा विधायक गौतम लाल मीणा का कोरोना से निधन

**जयपुर।** राजस्थान में धरियावद विधानसभा सीट से भाजपा विधायक गौतम लाल मीणा का बुधवार की सुबह निधन हो गया। वह कोरोना वायरस से संक्रमित थे और उदयपुर के एक अस्पताल में उपचाराधीन थे। प्रतापगढ़ जिले की धरियावद विधानसभा से विधायक मीणा का उदयपुर के एमबी सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा था जहां बुधवार सुबह उनका निधन हो गया। तीन बार विधायक रहे मीणा के परिवार में पत्नी और चार बेटे हैं।

## प्रोफेसर ने नाबालिग से किया दुष्कर्म, फिर आत्महत्या के लिए उकसाया

**गुवाहाटी।** असम में एक प्रोफेसर को नाबालिग छात्रा से कथित रूप से दुष्कर्म और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। चिरांग जिले के बेंगटोल कॉलेज के सहायक प्रोफेसर प्रवीण नारजारी के तुकराझार आवास पर 14 वर्षीय छात्रा का शव मिला। जिसके बाद सनसनी फैल गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का अंतिम संस्कार करने से रोक दिया। पुलिस ने कहा कि नाबालिग लड़की पिछले एक साल से प्रोफेसर नारजारी के घर में रहकर पढ़ाई कर रही थी।

## सीबीएसई दसवीं की परीक्षा रद्द करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

नई दिल्ली। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में केरल के एक शिक्षक टोनी जोसेफ द्वारा याचिका दायर की गई है। आधिकारिक सूचना के अनुसार केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित की जाने वाली कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा को रद्द करने के विरुद्ध में यह जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिकाकर्ता के अनुसार, कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा एक विद्यार्थी के जीवन का अभिन्न अंग होने के साथ ही उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए महत्वपूर्ण है।

## छत्तीसगढ़ बोर्ड का रिजल्ट, सब पास

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं बोर्ड बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। प्रथम श्रेणी में 95.66 प्रतिशत पास हुए हैं। पास होने का कुल रिजल्ट 100 प्रतिशत है। इस बार असाइनमेंट के आधार पर परिणाम जारी किया गया है। इसलिए मेरिट सूची जारी नहीं की गई। परिणाम शिक्षा मंत्री डॉक्टर प्रेमसाय सिंह टेकाम ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जारी किया।

## 'सिंगापुर स्ट्रेन'

### अरविंद केजरीवाल ने कोरोना के 'सिंगापुर स्ट्रेन' को लेकर चेताया था

# केजरीवाल के बयान से भड़का सिंगापुर

**नई दिल्ली ।** देश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर का कहर जारी है । तीसरी लहर को लेकर सतर्कता भी बढ़ गई है । इसी बीच, बीते दिन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कोरोना के 'सिंगापुर स्ट्रेन' को लेकर चेताया था और भारत सरकार से एक्शन की अपील की थी । पहले भारत सरकार ने अरविंद केजरीवाल के आरोपों का जवाब दिया और अब सिंगापुर सरकार ने भी इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए जवाब दिया है । साथ ही भारतीय उच्चायुक्त को तलब कर अपनी नाराजगी जताई है । भारत में मौजूद सिंगापुर के दूतावास ने मुख्यमंत्री केजरीवाल के इस ट्वीट का जवाब दिया । इसमें कहा गया कि सिंगापुर में कोरोना के नए स्ट्रेन पाए जाने की बात में कोई सच्चाई नहीं है । टेस्टिंग के आधार पर पता चला है कि सिंगापुर में कोरोना का क्र1.617.2 वैरियंट ही मिला है, जो भारत में पैदा हुआ है । इसमें बच्चों से जुड़े कुछ मामले भी शामिल हैं । सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बयान जारी कर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दावे का खंडन किया था । सिंगापुर के दूतावास ने अपनी ट्वीट में इस लिंक को भी अटैच किया ।




### भारतीय उच्चायुक्त को किया तलब

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान पर बवाल हो गया है। केजरीवाल के बयान से भड़की सिंगापुर सरकार ने भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया है और नए वैरिएंट वाले बयान पर नाराजगी जताई। सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने भी इस मसले पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि राजनेताओं को तथ्यों पर बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना का कोई सिंगापुर वैरिएंट नहीं है।

## नौसेना ने समुद्र में फंसी 184 जिंदगियों को बचाया, 14 शव मिले 89 लोगों की अब भी तलाश




**मुंबई ।** ताउते तूफान के ताडंव के बीच मुंबई से 175 किलोमीटर दूर समुद्र में बार्ज पी-305 पर फंसे 273 लोगों में से 184 को नौसेना के बहादुर जवानों ने बचा लिया गया है । 14 लोगों के शव बरामद किए गए हैं । जबकि 89 लोग अब भी लापता हैं, जिन्हें बचाने के लिए राहत व तलाश अभियान जारी है । नौसेना ने बुधवार को बयान जारी यह जानकारी दी। नौसेना की ओर से बुधवार को बताया गया कि बेहद खराब मौसम से जूझते हुए उसके जवानों ने बार्ज पी 305 पर मौजूद 273 लोगों में से अब तक 184 को बचा लिया है । वहीं 14 शव भी बरामद किए हैं, जबकि 89 लोग अभी लातपा हैं, जिन्हें बचाने के लिए तलाशी अभियान जारी है । नौसेना ने बताया कि दो अन्य बार्ज तथा एक ऑयल रिग पर मौजूद सभी लोग सुरक्षित हैं । बता दें कि ये बार्ज चक्रवात ताउते के गुजरात तट से टकराने से कुछ घंटे पहले मुंबई के पास अरब सागर में फंस गए थे । नौसेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार सुबह तक पी305 पर मौजूद 184 कर्मियों को बचा लिया गया है। आईएनएस कोच्चि और आईएनएस कोलकाता इन लोगों को लेकर मुंबई बंदरगाह लौट रहे हैं। पी81 विमान और हेलीकॉप्टरों की मदद से लापता लोगों को ढूढ़ने के लिए तलाश एवं बचाव अभियान जारी है ।

### उत्तर भारत में असर, कई जगह बारिश

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को बताया कि चक्रवाती तूफान ताउते अब कमजोर पड़कर गहरे दबाव के क्षेत्र में तब्दील हो गया है और अभी दक्षिणी राजस्थान तथा निकटवर्ती गुजरात क्षेत्र में मौजूद है इस दबाव क्षेत्र से बुधवार को पूर्वी राजस्थान में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है और कुछ दूर-दराज के इलाकों में भीषण बारिश का भी अनुमान है । गुजरात में भीषण बारिश का कारण बनने के बाद चक्रवात के पश्चिमी विक्षोभ के साथ संपर्क में आने की वजह से राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली सहित कई राज्यों में बारिश होने का अनुमान है ।

## इंदौर के एमवाय अस्पताल में ब्लैक फंगस के 68 मरीज



**इंदौर।** एमवाय अस्पताल में ब्लैक फंगस के मरीज दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। वर्तमान में यहां 68 संक्रमित भर्ती हैं। एमवायएच में दो दिन से संक्रमितों के इलाज के लिए एम्फोटेरिसन-बी इंजेक्शन भी पहुंच रहे हैं । सोमवार को करीब 600 इंजेक्शन पहुंचे थे और मंगलवार को भी 200 इंजेक्शन पहुंचे । इंडेक्स मेडिकल कालेज में भी ब्लैक फंगस के मरीजों के लिए 12 बेड का वार्ड बनाया गया है। वर्तमान में यहां चार मरीज भर्ती हैं । उनके इलाज के लिए पांच चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम बनाई गई है । इनमें ईएनटी सर्जन डा. नवीन अग्रवाल, मेक्सीलोफेशियल सर्जन डा. सतीश करंदीकर, नेत्र रोग विशेष डा. विकास तंतुवाय, न्यूरो सर्जन डा. डाकवाले और मेडिसीन विभाग के डा. सुधीर मौर्य शामिल हैं । इंडेक्स मेडिकल कालेज की चिकित्सा अधीक्षक डा. संध्या मांजरेकर के मुताबिक वर्तमान में हमारे यहां ब्लैक फंगस के चार मरीज भर्ती हैं । अभी इंजेक्शन की उपलब्धता में मुश्किल आ रही है । इसके लिए कलेक्टर को पत्र लिखा है और हमारी कोशिश है जल्द हमें इंजेक्शन मिले तो ज्यादा से ज्यादा मरीजों का इलाज कर सकें ।

# कांग्रेस टूलकिट का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, सियासत तेज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के कथित टूलकिट मामले के खिलाफ देश के शीर्ष अदालत में याचिका दायर की गई है। मामले को सरकार के खिलाफ लोगों को भड़काने और दुनिया में भारत की छवि बिगाड़ने का साजिश बताया गया है। याचिकाकर्ता वकील शशांक शेखर झा ने अंतरराष्ट्रीय साजिश का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) जांच और दोष साबित होने पर कांग्रेस की मान्यता रद्द करने की मांग की है। बता दें कि मंगलवार को टूलकिट मामले पर कांग्रेस और भाजपा के बीज दिनभर जुबानी जंग चलती रहीं। कांग्रेस ने इस बाबत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा, समेत अन्य नेताओं के



खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। कांग्रेस ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर और एसएचओ तुगलक रोड पुलिस स्टेशन को पत्र लिखा । पत्र में जेपी नड्डा, संबित पात्रा, स्मृति ईरानी, बीएल संतोष समेत कई अन्य नेताओं के नाम हैं। पत्र में लिखा गया कि इन लोगों ने देश में सांप्रदायिक अशांति फैलाने उद्देश्य से सोशल मीडिया के जरिए झूठी अफवाहें फैलाई जा रही है।


### कांग्रेस ने भाजपा नेताओं पर एफआईआर की मांग

दरअसल, भाजपा ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उनकी एक 'टूलकिट' के जरिए कोरोना संकट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि धूमिल करने की साजिश रचा जै रहा है। वहीं भाजपा के हमले पर पलटवार करते हुए कांग्रेस रिसर्च डिपार्टमेंट के प्रमुख राजीव गौड़ा ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के रिसर्च डिपार्टमेंट का बताकर भाजपा फर्जी टूलकिट प्रचारित कर रही है। इस बाबत हम भाजपा नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे हैं।

## कोरोना के आंकड़े

# नए केस घटे लेकिन दहशत बढ़ी, पहली बार एक दिन में रिकॉर्ड 4525 की मौत

**नई दिल्ली।** देश कोरोना महामारी की दूसरी लहर का प्रकोप जारी है। देश में जहां एक ओर नए मरीजों की संख्या में गिरावट दर्ज की जा रही है, लेकिन वहीं दूसरी ओर कोरोना से होने वाली मौतों के आंकड़े से दहशत का माहौल है। देश में आज 2.67 लाख नए कोरोना मरीज मिले हैं। वहीं बीते 24 घंटे में 4,525 की जान जा चुकी है। यह एक दिन में जान गंवाने वालों का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में बुधवार को लगातार तीसरे दिन तीन लाख से कम कोरोना के नए मरीज मिले हैं। बीते 24 घंटों में 2,67,334 नए कोरोना मरीज मिले हैं। इसके साथ ही देश में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 2,54,96,330 पहुंच गई है।



### देश की दो फीसदी आबादी हुई संक्रमित

संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने मंगलवार को कहा कि भारत की कुल आबादी के 1.8 फीसदी लोग ही कोविड-19 से प्रभावित हुए हैं और 98 फीसदी आबादी अब भी संक्रमण की चपेट में आ सकती है, पिछले 15 दिनों में उपचाराधीन मामलों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। इसने कहा कि 3 मई को संक्रमण की दर 17.13 फीसदी थी, जो अब घटकर 13.3 फीसदी रह गई है।

### नहीं थम रहा मौतों का सिलसिला

देश में कोरोना की दूसरी लहर के दौरान मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। महामारी के दस्तक देने से लेकर अब तक पहली बार एक दिन में रिकॉर्ड 4529 लोगों ने कोरोना संक्रमण के चलते दम तोड़ा है। यह देश में कोरोना से एक दिन में हुई मौतों का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे एक दिन पहले 4,329 लोगों की मौत हुई थी। इसके साथ ही कोविड से मरने वालों की संख्या 2,83,248 पहुंच गई। बता दें कि देश में पिछले करीब एक हफ्ते से हर रोज कोरोना से 4 हजार से अधिक लोगों की मौत होने का सिलसिला जारी है।

### सक्रिय मामलों में आई गिरावट

स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में एक बार फिर सक्रिय मामलों का ग्राफ नीचे आ रहा है। राहत की बात ये है कि पिछले 24 घंटे में 3,89,851 कोरोना मरीज स्वस्थ होकर अपने घर लौट गए हैं। इसके साथ ही देश में अब तक 2,19,86,363 मरीज कोरोना वायरस को मात देने में कामयाब हुए हैं। रोजाना के आधार पर दर्ज होने वाले नए कोरोना केसों की तुलना में ठीक होने वाले मरीजों संख्या अधिक है, जिससे सक्रिय मामलों में गिरावट आई है। फिलहाल, देश में 32,26,719 सक्रिय मामले हैं।

## भोपाल में 41 दिन बाद सबसे कम 512 संक्रमित मिले




भोपाल शहर में संक्रमित मरीज मिलने और संक्रमण से मौत होने का सिलिसिला अब थोडा थमते हुए नजर आ रहा है। मंगलवार को 41 दिन बाद सबसे कम 512 संक्रमित मरीज मिले है। वहीं 58 संक्रमित देह का अंतिम संस्कार कोविड प्रोटोकाल के तहत किया गया है। इसमें से भदभदा विश्राम घाट में 40 मृतक देह आई। इसमें से 36 कोरोना देह और चार सामान्य देह थी। इन 36 देह में से 15 भोपाल की और 21 अन्य जिलों के थे। इधर, सुभाष नगर विश्राम घाट में 20 देह का अंतिम संस्कार किया गया। इसमें से 10 कोरोना संक्रमित थी। वहीं बैरागढ विश्राम घाट में पांच कोरोना संक्रमित देह का अंतिम संस्कार किया गया। इसी तरह झदा कब्रस्तान में भी सात संक्रमित शव को सुपुर्द एक खाक किया गया। इधर, मंगलवार को करीब 6000 सैंपल जांच के लिए लैब भेजे गए है और

## पीएम मोदी भावनगर, सीएम शिवराज उज्जैन पहुंचे



**भावनगर, उज्जैन।** चक्रवात ''ताउते'' से गुजरात में हुए जान और माल के नुकसान का जायजा लेने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को भावनगर पहुंचे जहां मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने उनका स्वागत किया। रूपाणी ने ट्वीट कर कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भावनगर पहुंच गए हैं। वह चक्रवात ताउते से प्रभावित अमरेली, गिर सोमनाथ और भावनगर जिलों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे।'' उधर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार दोपहर उज्जैन पहुंचे। वे यहां कोविड नियंत्रण की समीक्षा करने आए हैं। सीएम उज्जैन सहित संभाग के सभी जिलों रतलाम, मंदसौर, नीमच, आगर, शाजापुर और देवास के हालातों का जायजा लेंगे। उज्जैन में ब्लैक फंगस के मामलों को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री चौहान पहले रतलाम इसके बाद उज्जैन आने वाले थे, मगर बुधवार सुबह कार्यक्रम में संशोधन किया गया। खराब मौसम के कारण रतलाम दौरा निरस्त कर सीएम बुधवार दोपहर 1.10 मिनट पर सीधे उज्जैन पहुंचे। यहां से सीधे कोठी स्थित एनआइसी सेंटर के लिए रवाना हो गए। वीसी में संभाग के सभी आला अधिकारी अपने-अपने जिलों की परिस्थित से सीएम को अवगत कराएंगे।







# Google I/O 2021 Event : 20 मई तक चलेगी गूगल की कॉन्फ्रेंस

**वेब डेस्क ।** 2021 की शुरुआत मंगलवार रात को हो चुकी है और इसी के साथ गूगल ने अपने उन सभी प्रोडक्ट पर से पर्दा उठा दिया है, जिन्हें वो आने वाले समय में यूजर्स के लिए लांच करने वाला है । इस इवेंट में गूगल ने कई घोषणाएं की है और आने वाले दिनों में हमें गूगल प्रोडक्ट में कई नए अपडेट्स देखने को मिल सकते हैं । गौरतलब है बीते साल कंपनी ने कोरोना महामारी के कारण Google I/O Event का आयोजन नहीं किया था । लेकिन इस बार यह इवेंट ऑनलाइन हो रहा है । गूगल का यह मेगा इवेंट 18 मई से 20 मई तक चलेगा ।

### Google I/O Event से जुड़ी खास बातें

- Google I/O Event की शुरुआत में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने बताया कि लगभग 90 फीसदी डेटा सेंटर कार्बन फ्री हो गए हैं। उन्होंने बताया कि गूगल एक नए जियोथर्मल पावर प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है, जो Nevada में स्थित है । गगूल नए ड्रैगन स्केल सोलर स्कीन पर काम कर रहा है ।



इसके अलावा सुंदर पिचाई ने बताया कि प्रोजेक्ट स्टार लाइन के बारे में भी बताया, जो कस्टम बिल्ट हार्डवेयर का इस्तेमाल करता है। इसकी मदद से यूजर्स एक रियल टाइप 3ष्ठ मॉडल का निर्माण कर सकेंगे। पिचाई ने बताया कि यह प्रति सेकेंड कई गीगाबाइट की स्पीड से डेटा ट्रांसमिट करता है । इसकी सहायता से यूजर्स नैचुर्ल तरीके से गेस्चर के साथ आखों में आंखें डालकर बात कर सकेंगे ।

इसके अलावा गूगल सैमसंग कंपनी के साथ मिलकर के एक यूनिफाइड प्लेटफॉर्म मिलेगा । कंप्यूटिंग के मामले में अगला बड़ा बदलाव स्मार्टवॉच के रूप में देखने को मिल सकता है । गूगल Wear OS और सैमसंग के Tizen ओएस को एक साथ लेकर आ रहा है । सैमसंग के अधिकारियों ने बताया कि हम गैलेक्सी वॉच की क्षमताओं को गूगल के साथ एक प्लेटफॉर्म पर लेकर आ रहे हैं । नई सैमसंग गैलेक्सी वॉच की घोषणा हुई है, लेकिन इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिली है । यह वॉच Tizen Wear OS पर काम करेगी । यूजर्स को सिर्फ एक क्लिक पर एक्सेस मोस्ट रिसेंट फोटोज के लिए मिलेगा । इसके साथ ही यूजर्स को स्मार्टफोन में ही टीवी रिमोट भी मिलेगा, जिसकी मदद से एंड्रॉइड टीवी को कंट्रोल किया जा सकेगा । फिलहाल दुनियाभर में 8 करोड़ से ज्यादा TV एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म पर काम कर रहे हैं । जल्द ही एंड्रॉइड पर डिजिटल कार की मिलेगी, सुंदर पिचाई ने बताया कि एंड्रॉइड-12 में गूगल नया प्राइवेसी डैश बोर्ड ला रहा है, जो किन ऐप्स को आपके फोन में क्या एक्सेस मिले हैं । इस डैशबोर्ड में गूगल ऐप्स के एक्सेस की भी जानकारी मिलेगी ।

# नियमों के उल्लंघन पर एक घंटे के लिए सील किया गया सेंट्रल बैंक

## कलेक्टर-एसपी पहुंचे तो बैंक में नहीं हो रहा था सोशल डिस्टेसिंग का पालन

## शहर के विजिट के दौरान कोरोना कर्फ्यू की व्यवस्थाओं का लिया जायजा





**कटनी।** कोरोना संक्रमण की रोकथाम के उद्देश्य से जिले में 24 मई की प्रातः 6 बजे तक के लिये कोरोना कर्फ्यू लगाया गया है। जिसका पालन सख्ती से कराया जाये, इसके निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने दिये हैं। कोरोना कर्फ्यू के पालन के लिये जिले के सभी क्षेत्रों में अलग-अलग आरआरटी का गठन किया गया है। मंगलवार को कोरोना कर्फ्यू की व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर और एसपी शहर के विजिट पर निकले। इस दौरान उन्होने विश्राम बाबा गेट, माधवनगर गेट, मिशन चौक और घंटाघर पहुंचकर व्यवस्थायें देखीं। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश राजस्व और पुलिस के अमले को दिये। अपने विजिट के दौरान कलेक्टर और एसपी माधवनगर गेट पहुंचे। यहां दोनों ही अधिकारियों ने देखा कि सेन्ट्रल बैंक की शाखा में बेतरतीब ढंग से लाईन लगी हुई है। सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन नहीं हो रहा है। जिस पर कलेक्टर और एसपी ने बैंक प्रबंधन को टोकन व्यवस्था चालू करने के निर्देश दिये। वहीं 60 मिनिट के लिये सांकेतिक रुप से बैंक शाखा को सील भी करा दिया।

### घूमने के लिये पैरासीटामॉल का बहाना नहीं चलेगा

कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि भांति-भांति के बहाने बनाकर लोग कोरोना संक्रमण के इस समय पर भी घरों से बाहर निकलकर घूम रहे हैं। अभी बुखार आई है, पैरासीटामॉल लेने गये थे, ऐसे बहाने नहीं चलेंगे। ऐसे बहानेबाजों के खिलाफसख्त कार्यवाही करें। कोरोना संक्रमण की चैन तोड़ने के लिये जरुरी है कि हम स्वयं अनुशासन के साथ कोरोना कर्फ्यू का पालन करें। बहुत ही जरुरी होने पर ही घरों से निकलें और कोविड-19 के निर्धारित प्रोटोकॉल्स जैसे मास्क पहनना, सैनीटाईजर का उपयोग, सोशल डिसटेन्स का कड़ाई से पालन करें।

### कोरोना कर्फ्यू में अब और होगी कड़ाई

विजिट के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अवस्थी ने पुलिस की टीम को मुस्तैदी के साथ कोरोना कर्फ्यू का पालन और कड़ाई के साथ कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि मुख्य मार्गों के साथ ही गली और मोहल्लों में भी अनावश्यक घूमने वालों पर कार्यवाही करें। इस दौरान विजिट में नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे, एसडीएम बलबीर रमन, सीएसपी शशिकांत शुक्ला, तहसीलदार मुनौव्वर खान, तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव सहित संबंधित थानों के प्रभारी और अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

### खुद रुकवाई गांडियां, अमले से कटवाया चालान

माधवनगर गेट और मिशन चौक में कलेक्टर और एसपी ने आवाजाही कर रहे वाहनों की चैकिंग करवाई। इस दौरान उन्होने अनावश्यक घूम रहे व्यक्तियों के विरुद्ध चालान भी कटवाये। दोनों ही वरिष्ठ अधिकारियों ने अमले को निर्देश दिये कि अनावश्यक घूमने वाले व्यक्तियों पर चालानी कार्यवाही करें। विजिट के दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने पुलिस और प्रशासन के अमले को मुस्तैदी के साथ कोरोना कफ्यू का पालन कड़ाई से कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि यदि हमने ढ़ील बरती, तो कोरोना की दर बढ़ेगी। अनावश्यक घूमने वालों को बिलकुल ना छोड़ा जाये। उन पर चालानी कार्यवाही करने के साथ ही चलित पुलिस जेल में भी रखा जाये।

## गांवों में पहुंचा कोरोना जागरूकता रथ

### प्रोटोकॉल का पालन करने और वेक्सीनेशन कराने की दी समझाईश



**कटनी।** मानव जीवन विकास समिति व एकता परिषद् के तत्वाधान में कोरोना जागरूकता रथ के माध्यम से बड़वारा ब्लॉक के विभिन्न गांवों बड़वारा, जगतपुर उमरिया, बछरवारा, चांदन, नन्हवारा सेझा, गुणा, जमुनिया, लखाखेरा सहित अन्य गांव में जाकर कोरोना जागरूकता रथ के माध्यम से गांव की गली मोहल्ले तिराहे, चौराहे जाकर कोरोना से बचने के उपाय मास्क लगाना, सेनीटाइज करना, 2 गज की दूरी बना रखना साथ ही कोरोना वैक्सीनेशन कराने जांच कराने लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान को संचालित कर रहे रामकिशोर चौधरी ने बताया कि कोरोना की जांच कराने नन्हवारा सेझा में सेम्पल लिए जा रहे थे, जिसमें गांव में भ्रमण के दौरान लोगों को अधिक से अधिक जांच कराने कोरोना रथ से साउंड सिस्टम के माध्यम से अलाउंस कर प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान आक्सिमीटर से टेम्प्रेचर चैक किया गया, जिसमें सभी सामान्य स्थिति में पाए गए। बताया गया कि सभी को कोरोना कर्फ्यू का पालन करना है। सभी को घर पर ही रहना है। अति आवश्यक काम होने पर ही घर से बाहर निकले घर मे रहे सुरक्षित रहे।



## 67 वर्षों के इतिहास में कटनी को पहली बार मिला नेतृत्व

**कटनी।** इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 सी की डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस विगत दिवस जूम वर्चुअल मीटिंग द्वारा आयोजित की गई, जिसमे डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के 2021-22 के चुनाव हुए। डिस्ट्रिक्ट 3233 में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश के विंध्य, महाकोशल, बुंदेलखण्ड में आता है, जो कि रीवा, छतरपुर, राजनांदगांव, अंबिकापुर, रायगढ़, छिन्दवाड़ा परासिया तक आता है। इसमें 126 क्लब सेवारत हैं। सभी क्लबों की सिरमौर मीता अग्रवाल कटनी से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित हुईं। वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम बिलासपुर के एम जे एफ, दिलीप भण्डारी एवं वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय रायगढ़ के पीएमजेएफशैलेश अग्रवाल निर्वाचित हुए। वर्चुअल मीटिंग में 500 सदस्यों ने भाग लिया। इस प्रकार कटनी को 67 वर्षों के इतिहास में पहली बार नेतृत्व करने का अवसर मिला।

### मीता अग्रवाल लायंस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित

मीता अग्रवाल 1992-93 से सामाजिक संस्था लायनेस से जुड़ी हैं। 2003-04 से लायंस क्लब कटनी क्लासिक की चार्टर सदस्य हैं एवं 2013-14 में लायनेस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट मनोनीत हुई। लायंस क्लब कटनी क्लासिक की सदस्य मीता अग्रवाल 2019-20 जबलपुर में द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित हुईं। 2020-21 में प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित हुईं। अब 2021-22 में लायंस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के लिए निर्वाचित हुई। शहर के प्रतिष्ठित भारती परिवार की मीता अग्रवाल आरएसएस के पूर्व जिला संचालक स्व. रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल की द्वितीय पुत्रवधु हैं एवं निरंतर सामाजिक सेवा में अग्रसर हैं। मीता अग्रवाल की इस उपलब्धि से लायंस क्लब कटनी क्लासिक परिवार गौरवान्वित है। अग्रवाल समाज, परिवार एवं प्रबुद्धजनों ने शुभकामनाएं दी है।

## कटनी में अब तक क्यों नहीं लगी ब्लड कम्पोनेंट सेपरेटर मशीन ?

### एनएसयूआई जिलाध्यक्ष एवं अन्य की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई

**कटनी।** जिला चिकित्सालय में ब्लड कम्पोनेंट सेपरेटर मशीन लगाने की मांग तेज होती जा रही है। थेलिसिमिया, एनिमिया और ब्लड कैन्सर के मरीजों के साथ ही कोरोना संक्रमणकाल में प्लाज्मा डोनेट करने के लिए इस मशीन को जिला चिकित्सालय में स्थापित किए जाने की मांग को लेकर एनएसयूआई के राष्ट्रीय समन्वयक एवं जिलाध्यक्ष अंशू मिश्रा द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। इसी को लेकर एक जनहित याचिका एनएसयूआई जिलाध्यक्ष दिव्यांशू मिश्रा अंशू, सह याचिकाकर्ता कटनी ब्लड डोनर्ज सोसायटी के अध्यक्ष लोकेश टीनू सचदेवा एवं महिला विंग की अध्यक्ष श्रेहा रौनक खंडेलवाल की ओर से माननीय उच्च न्यायालय में दायर की गई है। कोम्पोनेंट सेपरेटर मशीन लगाने के लिए दायर की गई जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस मोहम्मद रफीक और जस्टिस अतुल श्रीधरन की डिविजन बेंच ने रजिस्ट्री को निर्देश दिए हैं कि याचिका को हस्तक्षेप याचिका में परिवर्तित कर कोरोना के इलाज में विचाराधीन मुख्य याचिका के साथ लिंक किया जाए। याचिका की अगली सुनवाई कल 19 मई को नियत की गई है। हाईकोर्ट में दायर की गई याचिका में कहा गया है कि कटनी जिले की आबादी 10 लाख से अधिक होने के बावजूद जिला अस्पताल में ब्लड कम्पोनेंट मशीन नहीं है। याचिका में यह भी कहा गया है कि थेलिसिमिया, एनिमिया और ब्लड कैंसर के मरीजों को नियमित प्लाज्मा की जरूरत होती है। यह मशीन नहीं होने से मरीजों को 100 किलोमीटर दूर जबलपुर जाना पड़ता है। याचिका में कोरोना में दी जाने वाली प्लाज्मा का भी जिक्र है। प्लाज्मा के लिए जबलपुर आने-जाने में मोटी रमकम लगती है और समय भी खराब होता है। इस मामले में कटनी सीएमएचओ ने 13 जनवरी 2021 को पत्र लिखकर ब्लड कम्पोनेंट प्लाज्मा फेरेसिस मशीन लगाने की मांग भी की थी।

**हाईकोर्ट के निर्देश : अब हस्तक्षेप याचिका के रूप में होगी सुनवाई**







### रास्ते में हो जाती है मरीजों की मौत

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि डब्लूएचओ ने हाल ही में कहा है कि कोविड-19 के इलाज में प्लाज्मा थेरेपी कारगर नहीं है याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता योगेश सोनी ने तर्क दिया है कि गर्भवाती महिलाओं को खून की कमी होने से प्लेटलेट्स चढ़ाने की आवश्यकता होती है। गर्भवती महिलाओं को प्लेटलेट्स चढ़वाने के लिए जबलपुर जाना पड़ता है। इस दौरान कई महिलाओं की रास्ते में मौत हो जाती है। स्वास्थ सेवाओं में सुधार हेतु एनएसयूआई जिलाध्क्ष दिव्यांशू मिश्रा अंशू लगातार राज्य सरकार को कोर्ट के माध्यम से आड़े हाथ लेते हुए जिला चिकित्सालय में सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर याचिका दायर कर रहे हैं। ब्लड कम्पोनेंट मशीन की मांग भी लम्बे समय से कटनी के समाजसेवी संगठन व आम जन उठा रहे थे। मामला कोर्ट पहुंचा जाने से मशीन लगने की उम्मीद जाग गई है।

## अपमानित कर रहे सहायक सहकारिता आयुक्त मसराम

### सिंगौड़ी केंद्र प्रभारी ने लगाए गंभीर आरोप

**बरही।** गेहूं खरीदी केंद्र सिंगौड़ी के प्रभारी कृष्णकांत पाठक ने सहायक सहकारिता आयुक्त अरुण कुमार मसराम के खिलाफ अपमानित करने के आरोप लगाते हुए खरीदी केंद्र प्रभारी के जिम्मेदारी से हटने का पत्र प्रबंधन को लिखे है। केंद्र प्रभारी का आरोप है कि सहायक आयुक्त आए दिन अपमानित कर रहे है, जिससे व्यथित होकर मजबूरी में खरीदी बंद करनी पड़ रही है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि 34 हजार क्विंटल खरीदी के बाद 29 हजार का परिदान हो चुका है, वाबजूद इसके सहकारिता आयुक्त परेशान कर रहे है। सम्मान में लग रहे ठेस से व्यथित होकर खरीदी केंद्र प्रभारी ने यह कदम उठाया है। बहरहाल मसराम केंद्र प्रभारी को क्यो अपमानित कर रहे है यह जांच का विषय है।

## कोविड-19 के दृष्टिगत कलेक्टर श्री मिश्रा ने राजस्व अधिकारियों के मध्य किया कार्य विभाजन

**कटनी।**

जिले में कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत जिले में पदस्थ राजस्व अधिकारियों के मध्य उनके कार्य के साथ-साथ कार्य दायित्व सौंपते हुये कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आदेश जारी किया है। जिसके तहत सहायक कलेक्टर आर.अंजली को ग्रामीण क्षेत्रों में पीएचसी एवं सीएचसी को भविष्य के लिये सुदृढ़ करने संबंधित रुपरेखा तैयार करने तथा पर्यवेक्षण का कार्य सौपा गया है। वहीं डिप्टी कलेक्टर नदीमा शीरी को आरआरटी दलों का पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण संबंधी कार्य, उपार्जन संबंधी संपूर्ण कार्य, मानव संसाधन संबंधी कार्य तथा कंट्रोल रुम का पर्यवेक्षण एवं रिपोर्टिंग के कार्य की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही डिप्टी कलेक्टर संघमित्रा गौतम को कोविड-19 का टीकाकरण संबंधी कार्य का निरीक्षण, आयुष्मान कार्ड संबंधित कार्य एवं निजी अस्पतालों में सुदृढ़ क्रियान्वय एवं पर्यवेक्षण का कार्य तथा आईईसी गतिविधियों संबंधी कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी संबंधित अधिकारियों को विभाजित कार्य के अनुसार प्रतिदिन सांय 4.30 बजे तक जानकारी रिपोर्टिंग करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिये हैं।

## गरीबों को भोजन प्रसादी वितरित कर मनाई दद्दाजी की पुण्यतिथि



**कटनी।** पूज्य गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दाजी की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई। इस अवसर पर शिष्य मंडल द्वारा अस्पतालों, कोविड-19 सेंटरों अनाथालय एवं मंदिरों के आसपास भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। कटनी शिष्य मंडल द्वारा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भी हुए। दद्दा धाम स्थित समाधि स्थल पर की समाधि पर आचार्य द्वारा पूजन किया गया। समाधि स्थल, श्री कृष्ण बद्ध आश्रम, को फूल मालाओं एवं आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। समाधि स्थल पर आज दिन भर गुरु भाइयों, भक्तों का दर्शन हेतु आना जाना लगा रहा शाम को महाआरती संपन्न हुई।

## जरूरतमंदों की सहायता करना भाजपा का लक्ष्य

### 10वें दिन सांसद कोविड केंद्र से भाजपा कार्यकर्ताओं ने की जरूरतमंदों की मदद




**कटनी।** जिला चिकित्सालय में सांसद कोविड सहायता केंद्र के माध्यम लगातार 10वें दिन भी कोविड मरीजो एवं उनके स्वजनों की निस्वार्थ भाव से सहायता की। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सेवा ही संगठन अभियान-2 के तहत पार्टी का लक्ष्य कोरोना के इस संक्रमण काल में जरूरतमंदों की सहायता करना है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा के सतत मार्गदर्शन में लगातार 10 दिनों से कोविड पीड़ितों और उनके परिजनों की सहायता का क्रम जारी है, सांसद कोविड सहायता केंद्र के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता जरूरतमंदों की हरसंभव मदद कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सहायता केंद्र के द्वारा आज दसवें दिन भी भोजन के पैकेट, गर्म पानी, आयुष का त्रिकुट काढा, बिस्किट, मास्क, सेनेटाइजर, इत्यादि वितरित किये गए। सहायता केंद्र में भोजन आदि सामग्री के साथ-साथ कोविड पीड़ितों के परिजनों को किसी भी तरह की समस्या आने पर उनकी हरसंभव मदद की जाती है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, चेतन हिंदुजा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, सुरेश रोचलानी, पंकज शर्मा, ललित जायसवाल, घनश्याम चावला, राजेश भास्कर, पप्पा मिश्रा, छुट्टू मिश्रा, ललित गुप्ता, शिवम शर्मा, सुनील डोडानी, अहमद बख्श, शिवकुमार सोनी, अमन खटीक छोटा बच्चू, संतोष पटेल, देवेंद्र सोनी, सोनू बहरे, मनीष त्रिसोलिया, आशीष मिश्रा, अभिषेक शर्मा, नवीन मोटवानी, नितेश तिवारी, विवेक गुप्ता, विमल साहू, विष्णुशंकर मिश्रा, नाजू खान, दीपक तिवारी, मनोज गोस्वामी, मंगल तिवारी, रुद्र श्रीवास आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे



## असहायों को बांटा भोजन

### होप ग्रुप का उम्मीद की रोटी कार्यक्रम



**कटनी।** होप ग्रुप द्वारा पिछले 2 सालों से प्रत्येक रविवार को कटनी शहर में रह रहे जरूरतमंद लोगों को रोटी बांटी जाती रही है, साथ ही मूक पशुओं को भी भोजन वितरित करने का कार्य किया जा रहा है एवं किसी भी समारोह में बचा हुआ खाना एकत्रित करके बांटने का कार्य भी ग्रुप द्वारा किया जाता है। होप ग्रुप द्वारा कोरोना संक्रमण काल में भी जरूरतमंद लोगों की निरंतर मदद की जा रही है। इसी क्रम में विगत रविवार को 108वीं उम्मीद की रोटी बांटने का प्रोग्राम रखा गया। जिसमें ग्रुप के सदस्यों द्वारा शहर में रह रहे जरूरतमंद बेसहारा लोगों को खाने के पैकेट, चाउमीन एवं बिस्किट बच्चों को प्रदान किया गया। इस प्रोग्राम में लीला चाची, निष्ठा जी, राम कछवाहा, नितेश, आकाश, साकेत, निशा जी द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

यश भारत
नये जमाने के साथ...

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 19 मई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## कोविड से दिवंगत कर्मचारियों के परिवार को अनुकम्पा नियुक्ति का फैसला ऐतिहासिक

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने जताया मुख्यमंत्री तथा प्रदेशाध्यक्ष का आभार

**कटनी।** मध्य प्रदेश की सरकार जनता की सरकार है। कोविड के इस कठिन संकट में प्रदेश की सरकार हर उस प्रयास में जुटी है जिससे हर वर्ग के लोगों को राहत मिल सके। इस क्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कोविड ड्यूटी पर जान गंवाने वाले शासकीय कर्मचारी के परिजन को अनुकम्पा नियुक्ति का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह प्रत्येक कोविड योद्धा के भविष्य की सुरक्षा के लिए प्रशंसनीय फैसला है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने उक्ताशय का बयान जारी करते हुए कहा कि भाजपा गरीबों की सच्ची साथी है। प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा के मार्गदर्शन में पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जन सेवा में जुटा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज के नेतृत्व में सरकार निरन्तर जनहित के फैसले ले रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यम वर्ग की पीड़ा समझते हुए घोषणा की है कि राज्य सरकार कोविड-19 ड्यूटी पर जान गंवाने वाले प्रदेश सरकार के कर्मचारियों के परिजनों को रोजगार देगी। यह कदम मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा आधार पर नियुक्ति योजना के तहत उठाया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को कोरोना की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। चौहान ने प्रधानमंत्री को बताया कि राज्य में कोरोना वायरस की स्थिति अब नियंत्रण में है। इस निर्णय के लिए जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह तथा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

## अनापत्ति प्रमाण पत्रों को निगमायुक्त ने किया निरस्त

**कटनी।** निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने जानकारी देते हुए बताया कि आमजनमानस की सुरक्षा हेतु नेशनल बिल्डिंग कोड 2016 भाग 04 की कंडिका 1.2 में आने वाले भवनों, अस्पतालों, नर्सिंग होम, विद्यालयों, मॉल, व्यवसायिक, औधौगिक भवनों, पेट्रोल-डीजल पंप आदि में अग्निशमन यंत्रों की स्थापना तथा अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना संबंधित भवन स्वामी/संचालकों को अनिवार्य एवं आवश्यक है। कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी के स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग के प्रमुख द्वारा शासन के प्रचलित प्रावधानों का पालन न कर आयुक्त नगर निगम/सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति/अनुमोदन के बिना ही अपने स्तर से अनापत्ति/स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन संबंधित भवन स्वामी/संचालक को जारी किये जानें की बात संज्ञान में आई है, जो पूर्ण रूप से विधि विरूद्ध नियमों के प्रतिकूल एवं अवैधानिक होने के कारण तत्काल प्रभाव से निरस्त किये की जाती है। निगमायुक्त श्री धाकरे ने निगम की समस्त शाखा प्रमुखों को आदेशित किया है कि वे आयुक्त नगर निगम/सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति/अनुमोदन के बिना अपने स्तर से किसी भी प्रकार की विभागीय अनापत्ति/स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन/अनुमति/अनुज्ञप्ति जारी ना करें। सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के पूर्व जारी की गई अनापत्ति पूर्णतः अवैधानिक एवं विधि विरूद्ध मानी जावेगी। निगमायुक्त नें पदस्थापना दिनांक से वर्तमान दिनांक तक विभाग प्रमुखों द्वारा अपने स्तर से जारी की गई विभागीय अनापत्ति/स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन /अनुमति की सूची एक सप्ताह में प्रस्तुत करनें के निर्देश दिए है।

# चारों जोनों में पहुंचे संदिग्ध कोरोना मरीज

## किल कोरोना अभियान : प्राथमिक उपचार कर दे रहे चिकित्सकीय परामर्श

**कटनी।** कोविड संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु शासन द्वारा अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा मुहैया करानें के उद्देश्य से 25 मई तक किल कोरोना-3 अभियान संचालित किया जा रहा है। शासन द्वारा संचालित अभियान का आमजन अधिक से अधिक स्वास्थ्य लाभ अर्जित कर सके इस हेतु जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देषन में नगरनिगम के चारों जोन कार्यालयों मे किल कोरोना अभियान के तहत कोविड सहायता केन्द्रों की स्थापना की गई है।



निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने बताया कि अभियान के तहत स्थापित कोविड सहायता केन्द्रों में निगम के अधिकारियों कर्मचारियों की डयूटी लगाई जाकर स्वास्थ्य एवं महिला विकास विभाग के उपस्थित चिकित्सकों द्वारा कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु सहायता केन्द्रों में आने वाले सर्दी, खांसी एवं बुखार के मरीजों की प्राथमिक जांच की जाकर आवश्यक परामर्श प्रदान करते हुए दवा का वितरण किया जा रहा है। नागरिकों की सुविधा तथा स्वास्थ्य लाभ को दृष्टिगत रखते हुए निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा जोन कार्यालय के चिन्हित वार्डो में मुनादी का कार्य कराते हुए नगारिकों से संपर्क किया जाकर संक्रमण से बचाव हेतु सर्दी, खांसी एवं बुखार के मरीजों को अपना प्राथमिक इलाज करानें हेतु कोविड सहायता केन्द्र के माध्यम से निःशुल्क कराने तथा दवा प्राप्त करनें की अपील की जा रही है। कोविड सहायता केन्द्र प्रभारियों ने बताया कि कि किल कोरोना अभियान के प्रथम चरण मे नगर के 45 वार्डो के नागरिकों के स्वास्थ्य सुविधा हेतु स्थापित कोविड सहायता केन्द्रों के माध्यम से आज कोविड सहायता केन्द्र जोन क्रमांक 1 बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम परिसर में 5 मरीज, जोन क्रमांक 2 खिरहनी आंगनबाडी केन्द्र में 10 मरीज, जोन क्रमांक 3 टी.सी बजान स्कूल परिसर में 1 मरीज तथा जोन क्रमांक 4 माधवनगर उपकार्यालय में स्थापित कोविड सहायता केन्द्रों में उपस्थित रहकर सर्दी, खॉसी एवं बुखार के मरीजों की निःशुल्क जांच की जाकर दवाईयों का वितरण किया गया।

निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु नागरिकों से शासन योजना के तहत जोन कार्यालय में स्थापित कोविड सहायता केन्द्रों के माध्यम से सर्दी, खॉसी एवं बुखार का निःशुलक प्राथमिक उचाकर कराकर दवा प्राप्त कर संक्रमण को समाप्त करनें में प्रशासन का सहयोग प्रदान करनें की अपील की है।

## जिला अस्पताल पहुंचे कलेक्टर

### ऑक्सीजन जनरेटर मशीन के इंस्टॉलेशन को लेकर दिये निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा जिला अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होने स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही जिला अस्पताल में कोरोना की इस बीमारी के दौरान संसाधनों को बढ़ाने का दौरा जारी है। जिसके तहत ऑक्सीजन जनरेटर मशीन जिला अस्पताल पहुंच चुकी है। मशीन के इंस्टॅालेशन के लिये स्पॉट का निरीक्षण भी अपने विजिट के दौरान कलेक्टर ने किया। उन्होने कहा कि शीघ्र ही इस कार्य को तेजी से पूरा करें। तकनीकी रुप से दक्ष लोगों को इस कार्य में लगायें। जिससे ऑक्सीजन की उपलब्धता कराने वाली इस मशीन का सार्थक उपयोग हम कर सकें। इस दौरान एसडीएम बलबीर रमन, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, ईजीनियर पीआईयू अंजू बिसेन भी मौजूद रहे।



## शहर में बने पांच नए माइक्रो कंटेनमेंट जोन

**कटनी।** कोविड - 19 के बढते संक्रमण की रोकथाम एवं सुरक्षा की दृष्टि से निगम सीमान्तर्गत कोविड पॉजीटिव पाये जाने पर उक्त क्षेत्र, भवन को माईक्रो कंटेनटमेन्ट जोन चिन्हित किये जाकर साफ सफाई, कीटनाशक दवाओं के छिड़काव सहित सैनेटाइजेषन की कार्यवाही निरंतर जारी है। कोविड संक्रमण के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्रीय उपयंत्रियों से संकलित कर विभाग द्वारा दी गई जानकारी अनुसार आज नगर के पांच स्थलों इंदिरा गांधी वार्ड स्थित शिवा जी नगर बस स्टेण्ड गली नंबर 15, जगजीवन राम वार्ड के एक स्थल, रामजानकी हनुमान वार्ड स्थित ब्रम्हकुमारी आश्रम के बाजू से दो स्थलों पर तथा रोशन नगर स्थित कमल ज्वेलर्स गली में माईक्रो कंटेनमेंट जोन बनाये जाकर अन्य आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराई गई।




## कलेक्टर और एसपी ने जरुरतमंदों को वितरित की खाद्य सामग्री

### जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में भी किया गया राशन वितरण का कार्य





**कटनी।** निर्धन और जरुरतमंदों के लिये जिले की खाकी ने पुलिस कप्तान मयंक अवस्थी के निर्देश पर मोर्चा खोला हुआ है। पूरे जिले में मिशन संबल के तहत सभी थानों की टीम जरुरतमंदों को खाद्यान्न, मास्क और सैनीटाईजर का वितरण जनसहयोग से कर रही है। इस कार्य में अन्य संस्थायें भी पुलिस प्रशासन के सहयोग में आगे आई हैं। मदद का यह सिलसिला अनवरत जारी है। मंगलवार को मिशन संबल के तहत शहर के घंटाघर क्षेत्र में जरुरतमंदों को मास्क, सैनीटाईजर और खाद्यान्न का वितरण किया गया।

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी भी घंटाघर पहुंचे। जहां उन्होने मिशन संबल के तहत खाद्य सामग्री का वितरण किया। एसपी श्री अवस्थी ने जानकारी देते हुये बताया कि जिले में पुलिस महकमे द्वारा निर्धनों व असहायों के सहयोग के लिये मिशन संबल प्रारंभ किया गया है, जो आगे भी जारी रहेगा। इसके तहत सोमवार की रात भी स्टेशन चौराहे में खाद्यान्न सामग्री का वितरण टीम द्वारा किया गया था। जिले के सभी थानों में इसके तहत विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। पुलिस द्वारा जरुरतमंदों को उनके घर तक खाद्यान्न पहुंचाकर दिया जा रहा है।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

## अपर कलेक्टर ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण





**कटनी।** जिला प्रशासन द्वारा कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये सतत् रुप से प्रयास किये जा रहे हैं। इसी के तहत जिले में विभिन्न कंटेन्मेन्ट जोन बनाये गये हैं। मंगलवार को अपर कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने बड़वारा क्षेत्र के कन्टेनमेन्ट जोन का निरीक्षण किया। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधितों को दिये।

अपने विजिट में एडीएम श्री सिसोनिया ने विलायत खुर्द और कछारी में बनाये गये कन्टेनमेन्ट जोन का निरीक्षण किया। होम आईसोलेशन में रह रहे कोरोना मरीजों से उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम बलबीर रमन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड
कार्यालय का नाम - कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग कटनी
1912
फोन नंबर 9425806206 ईमेल eeonmkatni@gmail.com
विद्युत प्रदाय बंद रहने की सूचना
निम्नलिखित 33 के.व्ही. फीडरों का रखरखाव एवं आवश्यक सुधार कार्य किया जाना है। जिस कारण निम्न 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र से विद्युत प्रदाय बंद रहेगा।

| 33 के.व्ही. फीडर का नाम | दिनांक | समय | प्रभावित क्षेत्र | संबंधित अधिकारी का नाम | मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 33 के.व्ही.<br>1. देवगांव फीडर<br>2. आई.सी. कटनी प्रथम फीडर<br>3. बहोरीबंद द्वितीय फीडर | 20.05.2021 | सुबह 08 बजे से दोपहर 02 बजे तक | 33 के.व्ही. उपकेन्द्र<br>1. देवगांव रीटी, बड़गांव, निटर्रा<br>2. कारीतलाई, विजयराघवगढ़<br>3. बाकल एवं सिहुड़ी पटना से विद्युत प्रदाय होने वाले समस्त निम्नदाब उपभोक्ता एवं उच्चदाब उपभोक्ता | श्री मुकेश मोहाबे<br>श्री सुजीत कुमार<br>श्री सुशांत सोनल | 9425806809<br>9425807577<br>9425806213 |
| 33 के.व्ही.<br>1. बड़वारा फीडर<br>2. कुआं<br>3. उमरियापान प्रथम फीडर | 22.05.2021 | सुबह 08 बजे से दोपहर 02 बजे तक | 33 के.व्ही. उपकेन्द्र<br>1. बड़वारा, विलयकलां,<br>2. कुआं एवं नदावन<br>3. ढीमरखेड़ा एवं झिन्नापिपरिया से विद्युत प्रदाय होने वाले समस्त निम्नदाब उपभोक्ता एवं उच्चदाब उपभोक्ता | श्री मुकेश मोहाबे<br>श्री सुजीत कुमार<br>श्री सुशांत सोनल | 9425806809<br>9425807577<br>9425806213 |
| 33 के.व्ही.<br>1. कटनी द्वितीय फीडर,<br>2. बोकारो फीडर<br>3. स्लीमनाबाद फीडर | 24.05.2021 | सुबह 08 बजे से दोपहर 02 बजे तक | 33 के.व्ही. उपकेन्द्र<br>1. अमाड़ी मझगवां, काटी<br>2. उच्चदाब उपभोक्ता<br>3. उमरियापान, दशरमन एवं सिलौड़ी से विद्युत प्रदाय होने वाले समस्त निम्नदाब उपभोक्ता एवं उच्चदाब उपभोक्ता | श्री मुकेश मोहाबे<br>श्री सुजीत कुमार<br>श्री सुशांत सोनल | 9425806809<br>9425807577<br>9425806213 |

नोट :- विद्युत प्रदाय बंद रहने की समयावधि आवश्यकतानुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है। विद्युत संबंधी सभी शिकायत के निराकरण हेतु 1912 निःशुल्क नं. पर दर्ज करावें।

(इंजी. डी. के. सोनी)
कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि., कटनी

# ननि कर्मी पर सब्जी का ठेला पलटाने का आरोप

## कटाएघाट मोड़ पर जमकर भड़के लोग, सुनाई खरी-खोटी

**कटनी।** नगर निगम के कर्मचारियों की मंगलवार को गंभीर मनमानी सामने आई है। सब्जी विक्रेता का सब्जी ठेला पलटा दिया गया है। जिसको लेकर जमकर लोगों ने हंगामा किया। मामला कटायेघाट मोड़ के सामने बरगवां का है। यहां पर कुछ लोग सब्जी, फल आदि के ठेला लगाकर विक्रय कर रहे थे। 10 बजे के बाद जब नगर निगम की टीम पहुंची और घर जाने को कहा तो यह नहीं माने। लोगों का कहना था कि मनोज पाठक नामक कर्मचारी ने एक सब्जी का ठेला ही पलटा दिया, इस दौरान एक हजार रुपये की मांग भी की जा रही थी। निगम कर्मी की मनमानी से स्थानीय लोगों में गुस्सा भड़क गया। लोगों ने जमकर खरी खोटी सुनाई। लोगों का कहना था कि यदि समय अधिक हो गया था तो प्रेम से सब्जी विक्रेता को समझा देना था कि घर चले जाओ। सब्जी विक्रेता सुबह से 100 की भी कमाई नहीं किया था और उसके हजारों रुपए की सब्जी को नगर निगम के कर्मचारी ने रुपए ना देने पर पलटा दिया, यह अनुचित है। लोगों का कहना था कि कोरोना संक्रमण में लोग भूखे मर रहे हैं, परेशान हैं और नगर निगम के कर्मचारी इस तरह की अमानवीयता करते हैं। आयुक्त सत्येंद्र धाकरे का कहना है कि कार्रवाई का विरोध करने के लिए स्वयं ठेला पलटा दिया और हंगामा करने लगे ऐसी जानकारी मिली है। हालांकि अभी जुर्माने की कार्रवाई नहीं की जा रही है, लोगों को समझाइश व हिदायत देने कहा गया है। इस मामले की जांच कराई जाएगी।

### पुलिस व्यापारियों पर ही किया मामला दर्ज

उधर इस मामले को लेकर रंगनाथनगर थाना पुलिस ने नगर निगम कर्मचारी मनोज पाठक की शिकायत पर पिंटू कुशवाहा, पप्पू कुशवाहा, मोनू कुशवाहा व सोनम कुशवाहा के विरूद्ध धारा 294, 353, 332, 34 व 188 के तहत मामला दर्ज किया है।





# 52 जरूरतमंद परिवारों में बरही पुलिस ने वितरित की सामग्री

## बरही के कोल मोहल्ला में हुआ वितरण,4 दिन में 250 घरों में पहुंची बरही पुलिस की मदद

**बरही।** आपदा में वास्तविक अवसर का सदुपयोग कटनी जिले की पुलिस कर रही। जिलेभर में एसपी मयंक अवस्थी के दिशा.निर्देश में जरूरतमंद परिवारों की निःस्वार्थ भाव से समाजसेवा का कार्य पुलिस द्वारा किया जा रहा है। बरही थाना पुलिस अधिकारी टीआई संदीप अयाची के नेतृत्व में मंगलवार को नगर के कोल मुहल्ला में 52 जरूरतमंद परिवारों को अनाजए राशन सामग्री का वितरण किया गया। पिछ्ले 4 दिन से मदद पहुचाने के इस मिशन में बरही पुलिस ने 250 परिवारों को अनाजए राशन का वितरण किया है। पुलिस के इस कार्य मे तहसीलदार एसएन त्रिपाठी कदम से कदम मिलाकर समाजसेवा के इस कार्य मे अहम योगदान दे रहे है। गौरतलब है कि जिलेभर में मिशन सम्बल के तहत जरूरतमंदों को विपदा की इस घड़ी में पुलिस अब एक समाजसेवक के रूप में आगे आकर सतत राशन सामग्री का वितरण करने में जुटी हुई है।

### सहयोग कर रहे समाजसेवी

नगर व क्षेत्र के कई ऐसे समाजसेवी है, जो पुलिस एवं प्रशासन द्वारा की जा रही सेवा के लिए सहयोग करने आगे आ रहे है। नगर के व्यापारी भी अपनी सहभागिता निभाने में जुटे हुए है।

### अधिकारियों को आत्मिक अनुभूति

जरूरतमंदों के लिए सेवा में जुटे पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को समाजसेवा के इस कार्य में आत्मिक संतुष्टि प्राप्ति हो रही है। वे पूरे उत्साह के साथ निर्धनए गरीब बस्तियों में पहुंचकर सेवा कार्य करने में जुटे हुए है। सेवा कार्य के दौरान प्रधान आरक्षक अजय पाठक सहित अन्य अमला जुटा रहा। पिछ्ले 4 दिनों से बरही में चल रहे सेवा कार्य के तहत बरही पुलिस ने 250 जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री का वितरण किया है, साथ ही ऐसे परिवारों को चिन्हित करने का प्रयास भी किया जा रहा है, जो संकट में तो है, लेकिन संकोच कर रहे है। ऐसे परिवारों को भी मदद पहुचाने का प्रयास किया जा रहा है।

# बरही के डिप्टी रेंजर की पत्नी की मौत

### सांस लेने में हुई थी परेशानी, थम गई सांस

**बरही।** वन विभाग बरही मे पदस्थ डिप्टी रेंजर रामनरेश शर्मा की पत्नी माया देवी शर्मा 50 की तबियत बुधवार की सुबह बिगड़ी, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरही पहुंचाया गया, जहां उनकी अकाल मौत हो गई। बताया गया है कि मृतिका माया देवी शर्मा को ऑक्सीजन लेवल कम हुआ था, सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। जांच के उपरांत बरही के डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए सुबह 7 बजे रेफर कर दिया था लेकिन दो से तीन घंटे के बाद भी एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुची, जिसके बाद महिला की मौत हो गई है।

### बरही पुलिस ने चंद घंटों में दस्तयाब की लापता किशोरी

**कटनी।** बरही पुलिस ने चंद घंटों में एक लापता किशोरी को दस्तयाब किया है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बताया कि थाना क्षेत्र में 17 मई को अचानक 17 वर्षीय किशोरी गायब हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। 12 घंटे के अंदर लापता किशोरी को दस्तयाब करते हुए परिजनों के सुपुर्द किया है।

# विगढ़ के हंतला में खूनी संघर्ष



### पटेल व परौहा परिवार के 10 सदस्य घायल



**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम हंतला में मंगलवार की शाम दो परिवारों के बीच हुए खूनी संघर्ष में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम हंतला के परौहा व पटेल परिवार के सदस्यों के बीच गेहूं खरीदी केन्द्र परसवारा में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर हेतराम लोधी, खेतराम लोधी व धूप सिंह लोधी ने मिलकर गांव के ही श्याम सुंदर परौहा के साथ मारपीट की थी। मारपीट की इस घटना पर पुलिस ने श्याम सुंदर परौहा की शिकायत पर एफआईआर भी दर्ज की थी। जिसके बाद मामला शांत हो गया था लेकिन मंगलवार की शाम साढ़े चार बजे के लगभग तीन दिन पूर्व हुआ यह विवाद गांव में खूनी संघर्ष में बदल गया और परौहा व पटेल परिवारों के बीच जमकर लाठी, डंडे व राड चले। खूनी संघर्ष में परौहा व पटेल परिवारों के आधा दर्जन से अधिक लोग लहूलुहान हुए। जिसमें महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं। खूनी संघर्ष की सूचना मिलते ही विजयराघवगढ़ एसडीओपी शिखा सोनी, विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। वहीं विवाद बढ़ने संभावना को देखते हुए बरही व कैमोर से भी पुलिस बल ग्राम हंतला पहुंच गया। पुलिस ने सभी घायलों को विजयराघवगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया है।

### दोनों पक्षों पर काउंटर मामला दर्ज

विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने श्याम सुंदर परौहा की शिकायत पर हेतराम, खेतराम लोधी, सागर लोधी, अल्लू लोधी व सुखचैन लोधी, सिब्बू लोधी के विरूद्ध धारा 294, 323, 506, 34 तथा सागर प्रसाद लोधी की शिकायत पर श्याम सुन्दर परौहा, लकी परौहा, शुभम परौहा, हरिओम परौहा व अमन परौहा के विरूद्ध धारा 294, 323, 324, 506, 147, 148, 427 के तहत काउंटर मामला दर्ज कर लिया है।

### महिला सरपंच ने पिया जहर, हालत गंभीर

**कटनी।** ढीमरखेड़ा जनपद अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भमका की महिला सरपंच 30 वर्षीय कल्पना पति माखन सिंह ने मंगलवार दोपहर को घर में ही अचानक जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है। एएसआई मान सिंह मार्को ने बताया कि सूचना पर पुलिस उमरियापान अस्पताल महिला के बयान लेने पहुंची। महिला के बेहोशी हालत में होने से पुलिस कथन नही ले पाई। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जिला अस्पताल के लिए भेज दिया है। महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन क्यों किया है, इसकी जानकारी अभी पुलिस को नहीं लग पाई।

### खंभे में करेंट से बैल की मौत



**कटनी।** मुड़वारा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित एक विद्युत खंभे में अचानक आए करेंट से एक बैल की मौत हो गई। यह तो गनिमत रही कि करेंट से बैल की मौत हो गई नहीं कोई यात्री भी इस करेंट की चपेट में आकर कालकवलित हो सकता था।

# ट्रैक्टरों से बैटरी चोरी करते बदमाशों को ग्रामीणों ने पकड़ा

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लखाखेरा में तीन बदमाश चोरी कि नियत से पहुंचे। पहले घरों में चोरी का प्रयास किया, जब असफल रहे तो घरों के बाहर खड़ी ट्रैक्टरों को निशाना बनाना शुरू किया। हालांकि इस दौरान ग्रामीणों ने चोरों को दबोच लिया व पुलिस के हवाले किया है। बड़वारा थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि तीन चोर हेतराम राय, बल्लू राय के यहां खड़ी ट्रैक्टरों की बैटरी निकालकर पप्पू राय, कृपाली राय के यहां खड़ी ट्रैक्टर से बैटरी निकाल रहे थे। तभी पप्पू राय ने रंगेहाथ पकड़ा लिया। शोर मचाया तो गांव के लोग एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने पहले तो जमकर आवभगत की, इसके बाद पुलिस को बुलाया। डायल 100 मौके पर पहुंची और तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। अभी दो लोग पुलिस की हिरासत में हैं जबकि एक को छोड़ दिया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि आरोपियों से अन्य चोरियों के संबंध में पूछताछ जारी है, शीघ्र ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### जमकर आवभगत के बाद किया पुलिस के हवाले



# शहर के कई बैंकों में सामाजिक दूरी की अनदेखी

**कटनी।** वैश्विक महामारी का प्रकोप अभी भी जारी है, इसके बाद भी शहर में गंभीर बेपरवाही चल रही है। बैंकों में जमकर नियमों की अनदेखी हो रही है। लोगों द्वारा सामाजिक दूरी का पालन नहीं किया जा रहा। बीच शहर सुभाष चौक समीप स्थिति बैंक ऑफ इंडिया में नियमों की अनदेखी हो रही है। सोमवार को बैंक के बाहर लोगों की लंबी कतार लगी रही। लोग कई घंटे एक दूसरे से सटकर खड़े रहे, जिससे संक्रमण का खतरा बना रही। इस ओर पुलिस प्रशासन का ध्यान नहीं रहा।

### सफाई व्यवस्था के साथ-साथ किये जा रहे जागरूगता के निरंतर प्रयास

# डोर टू डोर किया जा रहा कचरा संग्रहण

**कटनी।** कोविड-19 महामारी के प्रसार पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ ही डोर टू डोर कचरा संग्रहण किया जाकर वाहनों में स्थापित साउन्ड सिस्टम एवं रोको-टोको अभियान के माध्यम से कोरोना संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूकता के निरंतर प्रयास किये जाकर लोगों को मास्क लगाने, दो गज की दूरी बनाये रखने तथा साबुन से हांथों को धुलने/सैनेटाइज करने की अपील की जा रही है। रात्रिकालीन एवं प्रातःकालीन नगर की सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगर की विभिन्न सार्वजनिक सडकों नाले - नालियों की सफाई के कार्य के साथ ही नगर के कचरे के प्वाइंटों की सफाई कोविड केयर केन्द्र परिसर, वैक्सीनेशन केन्द्र, कोविड जांच केन्द्र तथा अस्पतालों के मडिकल वेस्ट की सफाई कराई जाकर मेडिकल वेस्ट को पृथक वाहनों के माध्यम से रोजाना उठाया जा रहा है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकरी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए विगत रात्री उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर स्थित ग्राम पंचायत चैराहा, हास्पिटल लाईन, मैन बाजार, बाम्बे स्वीट्स रोड, एम.ई.एस कॉलोनी, डायमंड स्कूल वाली रोड, बाबा माधवशाह हास्पिटल रोड, ए.डी.एम लाईन, चावला चैक, नमक गोदाम, गोल बाजार, रविदास चैराहा, बस स्टेण्ड, पन्ना रोड सहित अन्य स्थलों की सफाई का कार्य कराया जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। नागरिकों की सुविधा एवं संक्रमण से बचाव हेतु प्रातःकालील सफाई व्यवस्था के माध्यम से ट्रोसपोर्टनगर सब्जी मंडी, फारेस्टर प्लेग्राउण्ड स्थल, हाउसिंग बोर्ड मैदान सहित उत्कृष्ट स्कूल के सामने वाले सब्जी मैदान की सफाई की जाकर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने हेतु चूने की लाईनिंग का कार्य किया गया। नगर के विभिन्न वार्डो के सार्वजनिक एवं अन्य मार्गो की सफाई व्यवस्था के तहत मिशन चैक, रधुनाथ गंज वार्ड स्थित झंडा बाजार, भट्टा मोहल्ला मुख्य मार्ग, राजीव गांधी वार्ड मेन रोड, राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित कन्या छात्रावास के शौचालयों श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के विभिन्न स्थलों, बरगवां मुख्य मार्ग के डिवाईडर के दोनों ओर की सफाई कराई जाकर एम.जी.एम हास्पिटल, श्री हॉस्पिटल कोविड सेंटर, डॉ विकास गुप्ता हॉस्पिटल, जीवन ज्योति हॉस्पिटल, बस स्टेण्ड स्थित औषधालय परिसर के मेडिकल वेस्ट के उठाव का कार्य किया गया। मुख्य नालियों में किसी भी प्रकार का संक्रमण न हो तथा पानी बा बहाव सुचारू बना रहे हइस हेतु बिरसा मुंण्डा वार्ड के विभिन्न स्थलों, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड स्थित सिविल लाईन नगरिया गली, कावस जी वार्ड स्थित पुरानी कलारी संजय वंशकार के सामने वाली नाली, भट्टा मोहल्ला छोटू वंशकार के घर के सामने, बरगवां एल.आई.सी कार्यालय के सामने, जे.सी बी मशीन के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के आगे के बडे नाले की सफाई का कार्य कराया जाकर नाले नालियों में जमा अपशिष्ट को बाहर निकाला गया।



# 76 नए मरीज, 108 ने दी कोरोना को मात

**कटनी।** जिले में पिछले 24 घंटे में 76 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है, जबकि इस दौरान 108 मरीजों ने कोरोना संक्रमण को मात दी है। सीएमएचओ द्वारा जारी किए गए हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक जिले में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 9 हजार 152 हो गई है। जिल में अभी भी 832 एक्टिव केस हैं और 71 मरीजों को जिला चिकित्सालय एवं 77 मरीज निजी अस्पतालों में इलाजरत है। 681 मरीजों को होम आईसोलेशन पर रखकर इलाज किया जा रहा है। जिले में अब तक 8 हजार 241 मरीज कोरोना से स्वस्थ हो चुके हैं।

# कोविड सेंटरों और हॉस्पिटलों में भी चलाया अभियान

**कटनी।** कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में रोजाना चलाये जाने वाले सैनेटाईजेशन अभियान के तहत आज प्रातः नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों बाल गंगाधर तिलक वार्ड स्थित गली नंबर 7, 8 एवं 9, राम मनोहर लोहिया वार्ड स्थित नदीपार स्थित शिवनगर बस्ती के विभिन्न भवनों, जयप्रकाश वार्ड स्थित स्थित आदर्श कॉलोनी, शारदा हास्पिटल, ईदगाह, मैन रोड प्रबुद्ध पुरी गली नंबर 1 से 4 तक दर्गा हास्पिटल, सांई मंदिर रोड, सांई मंदिर के बाजू वाली गली, सांई बिलि्डग रोड, धर्मलोक हास्पिटल, रोचलानी चौराहा, बालक मंडली के आसपास, डॉ ब्रम्हा जसूजा गली नई बस्ती, संतनगर सिद्धबाबा के पास, रधुनाथ गंज वार्ड स्थित झंडा बाजार, रूई बाजार तथा पोस्ट ऑफिस के सामनें स्थित गली के विभिन्न भवनों, घंटाघर क्षेत्र, टैलीफोन एक्सचेंज गली, मिठाई रोड पाठक गली, हल्दी राम गली, सिंधुभवन गली वीनस होटल से गर्ग चौराहा तक, घंटाघर स्टेट बेंक के सामनें से महाराष्ट्र बैंक तक, देना बैंक वाली गली, वार्ड क्रमांक 25 मधई मंदिर से सुभाष चौक, नगरिया गली सिविल लाईन, फारेस्टर वार्ड स्थित सुदर्शन बाल मंदिर से शास्त्री चौक तथा रवि होटल से खेर माता मंदिर तक, मंगलनगर मंदिर के सामनें वाली गली, छपरवाह मार्ग, टिकुरिया स्कूल एवं पहुंच मार्ग, माधवनगर स्थित गुरूद्वारा मार्ग, गुरूद्वारा परिसर, बाबा माधवशाह हॉस्पिटल, झूलेलाल मंदिर परिसर सहित नगर के अन्य स्थलों को सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव किया गया।

# वार्डों में पहुंच रहे कोरोना विनाशक रथ, कंटेनमेंट जोन को किया सेनेटाईज




**कटनी।** कोरोना संक्रमण से सुरक्षा एवं नागरिकों की सुविधा हेतु निगम प्रशासन द्वारा कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में रोजाना नगर के विभिन्न स्थलों में हेण्ड स्प्रे पंप मशीन, कोरोना विनाशक रथों एवं मिस्ट गन मशीन से वृहत रूप से सैनेटाईजेशन अभियान चलाया जाकर नगर के अधिक से अधिक स्थलों को विसंक्रमित करने के प्रयास किये जा रहे है। वार्ड क्रमांक 1 से 23 तक के सैनेटाईजर प्रभारी अभिषेक बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम के कोरोना विनाशक वाहनों के माध्यम से सैनेटाईजेशन अभियान चलाया जाकर बिरसा मुंडा वार्ड में पुलिस क्वार्टर गली से डॉ नेमा जी के सामने वाली गली एवं पार्षद गली, एफसी.आई रोड, दुर्गा मंदिर वाली गली, कुठला थाना, अशोक कॉलोनी शिव मंदिर के पास, रोशन नगर दुर्गा आटा चक्की के सामने, स्कूल के पास, सिविल लाईन सहित नगर के अन्य स्थलों में सैनेटाईजेशन का कार्य किया गया। पुराना जिला न्यायालय वेक्सीनेशन केन्द्र, काविड जांच केन्द्र जैन माध्यमिक शाला, अंजूमन इस्लामिया स्कूल, दीनदयाल अन्त्योदय रसोई केन्द्र-2, इंदिरा नगर चैक पोस्ट, दुर्गा चैक चैक पोस्ट, कोविड सहायता केन्द्र जोन क्रमांक-1 आडिटोरियम परिसर, जोन क्रमांक-2 खिहनी आंगनबाडी केन्द्र, जोन क्रमांक-3 टी.सी.बजान स्कूल परिसर मुख्य स्टेशन, मुडवारा स्टेशन, बस स्टेण्ड परिसर, रैन बसेरा, जिला चिकित्सालयआदि स्थलों में सोडियम हाईपोक्लोराईड का छिडकाव किया जाकर स्थलों को विसंक्रमित करने की कार्यवाही की गई। वार्ड क्रमांक 24 से 45 तक के सैनेटाईजेशन प्रभारी पंकज निगम ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत आज दिव्यांचल कोविड केयर, सायना कोविड केयर केन्द्र, बालक छात्रावास राय कॉलोनी, उपकार्यालय माधवनगर जोन क्रमांक-4, चावला चैक अमीर गंज मुख्य मार्ग, विष्णु केवट गली, खेर माता मंदिर गली, मुक्तिधाम परिसर, इंद्रा ज्योति कॉलोनी, रसकला स्कूल के पास, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मुक्तिधाम रोड मंगलनगर, बिलगवां के विभिन्न स्थलों में सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव कराया जाकर स्थलों को विसंक्रमित किया गया।

# एनकेजे पुलिस ने पकड़ी 58 लीटर शराब



**कटनी।** एनकेजे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमदत्य निषाद के घर के पीछे कार्रवाई करते हुए शराब जप्त की। यहां पर दो लोग अपने कब्जे मे 4 प्लास्टिक के 15-15 लीटर के डिब्बे मे हाथ भट्टी कच्ची शराब रखे थे। प्रेमनगर निवासी 30 वर्षीय प्रिन्सू उर्फ राजकुमार गुप्ता के पास से 58 लीटर शराब जप्त की गई है। आरोपी ने बताया कि सोमदत्त निषाद निवासी प्रेमनगर के द्वारा मजदूरी पर शराब पहुंचाने के लिए दिया है। शराब के सेम्पल भी जांच के लिए भेजे गए। आरोपी सोमदत्त अभी भी फरार है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# फ्रंटलाइन वर्कर का दर्जा मिलने पर संविदा संयुक्त संघर्ष मंच में हर्ष की लहर

### जताया मुख्यमंत्री का आभार

**कटनी।** वैश्विक महामारी कोरोना से आम जनमानस को बचाव के लिए फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में कार्य कर रहे। जिले से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक के अधिकारियों कर्मचारियों को विगत कई दिनों से कोरोना योद्धा घोषित करने एवं आर्थिक सहायता सहित अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किए जाने की मांग प्रमुखता से की जा रही थी। जिला इकाई कटनी द्वारा मुख्यमंत्री समस्त विभाग प्रमुखों को आवेदन, मांगपत्र भेजकर अति शीघ्र निर्णय लिए जाने का आग्रह किया गया। जिला अध्यक्ष डॉ. अजीत सिंह ने बताया कि विगत दिवस कोविड महामारी के प्रकोप से ढीमरखेड़ा पीसीओ सहित कई कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है। इस भयानक संकट के दौरान दायित्वों की निर्वहन को लेकर बहुत ही चिन्ताजनक स्थिति निर्मित थी लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा से संविदा अधिकारी कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। डॉ. अजीत सिंह, जग्गी पटेल, सी बी चौबे, मनीष, बलराम दाहिया, नवीन साहू, चेतन सोनी, सूरज शर्मा, राजीव चौदहा, बबीता सिंह, संतोष पाठक ने कहा है कि कर्मचारियों के हित में की गई घोषणा शीघ्र लागू होने की उम्मीद है।



# शहर में क्यों नहीं हो रही आरटी-पीसीआर की जांच?

## संक्रमण के मामलों में कमी आने के बाद स्वास्थ्य विभाग सवालों के घेरे में, आरटी-पीसीआर से संक्रमण की दर 11 तो रेपिड से 8 प्रतिशत

**यश भारत पड़ताल**

कटनी। शहर में पिछले करीब एक महीने से आरटी-पीसीआर से मरीजों की जांच नहीं की जा रही। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि कोरोना संक्रमण बढ़ने के बाद कटनी शहरी क्षेत्रों में आरटी-पीसीआर की जांच क्यों बंद कर दी गई। क्या संक्रमण को कम करने के लिए ऐसा किया जा रहा था। आरटी-पीसीआर से जांच नहीं होने और रैपिड एंटीजन टेस्ट की जांच पर भरोसा कम होने के बाद स्वास्थ्य विभाग के साथ ही राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहा है। अचानक संक्रमण की रफ्तार में कमी आने के बाद जानकार भी यही कह रहे हैं कि आरटी-पीसीआर से जांच कम होने और रैपिड एंटीजन टेस्ट से सेम्पलिंग ज्यादा होने की वजह से ऐसा हो रहा है। आंकड़ों की बात करें तो पिछले करीब 8 दिनों में आरटी-पीसीआर और रेपिड की जांच बराबर रही। आरटी-पीसीआर से 3207 तो रेपिड एंटीजन से 3118 लोगों की जांच गई। आरटी-पीसीआर की जांच से संक्रमण की दर 11 तो रेपिड की जांच से 8 प्रतिशत के आसपास है।

### बीते 8 दिनों में आरटीपीसीआर और रेपिड एंटीजन जांच में मिले पॉजीटिव केस

| तारीख | कुल सेम्पल | पॉजीटिव | आरटीपीसीआर | पॉजीटिव | रेपिड टेस्ट | पॉजीटिव केस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 मई | 670 | 105 | 419 | 66 | 251 | 46 |
| 12 मई | 437 | 69 | 150 | 25 | 287 | 44 |
| 13 मई | 830 | 96 | 435 | 65 | 397 | 31 |
| 14 मई | 736 | 70 | 411 | 47 | 325 | 23 |
| 15 मई | 836 | 73 | 381 | 54 | 455 | 19 |
| 16 मई | 916 | 74 | 485 | 34 | 431 | 40 |
| 17 मई | 909 | 70 | 432 | 32 | 477 | 38 |
| 18 मई | 989 | 80 | 494 | 45 | 495 | 35 |
| **कुल योग** | **6323** | **637** | **3207** | **368** | **3118** | **276** |

### इनका कहना है

इस संबंध में जब सीएमएचओ डॉ प्रदीप मुढ़िया से बात की गई तो उनका कहना था कि कोरोना संक्रमित व्यक्ति की रिपोर्ट जल्दी मिले और उसका समय और उपचार शुरू किया जा सके, इसके लिए रेपिड एंटीजन से जांच की जाती है। रेपिड की रिपोर्ट कुछ घंटे में ही मिल जाती है। इसके अलावा इस जांच में यदि किसी व्यक्ति की रिपोर्ट नेगेटिव आती है और उसे कोरोना के लक्षण रहते हैं तो फिर उसकी आरटी-पीसीआर की भी जांच कराई जाती है। आरटी-पीसीआर जांच की रिपोर्ट आने में समय लगता है, इसलिए मरीज का उपचार भी शुरू किया जाता है। ऐसा नहीं है कि शहर में आरटी-पीसीआर की जांच नहीं की जा रही है। जैन स्कूल में बनाये गए कोविड जांच केंद्र में रेपिड एंटीजन किट और ग्रामीण क्षेत्रों में आरटी पीसीआर से जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक जिले के शहरी क्षेत्रों में आरटी-पीसीआर की जांच पिछले करीब एक महीने से बंद है। अप्रैल के महीने में जब कटनी सहित पूरा प्रदेश कोरोना संक्रमण से जूझ रहा था, तब जैन स्कूल में कोविड जांच केन्द्र बनाया गया था और आरटी-पीसीआर की बजाए रेपिड एंटीजन से जांच शुरू की गई। आरटी पीसीआर की जांच से ही किसी भी व्यक्ति में कोरोना की जांच का पुख्ता पता चलता है, जबकि रेपिड एंटीजन किट से होने वाली जांच की रिपोर्ट कइयों बार गलत भी आ जाती है। इस पर ज्यादा भरोसा भी नहीं किया जाता है। पिछले साल जब रेपिड की जांच शुरू की गई थी तब भी कंफर्मेशन के लिए सेम्पल को मेडिकल कॉलेज भेजा जाता था।

### रेपिड विश्वसनीय या फिर आरटी-पीसीआर

पिछले कुछ दिनों से कटनी सहित पूरे प्रदेश में कोरोना संक्रमण के मामलों में कमी देखने को मिल रही है। अप्रेल महीने की तुलना में मई में हर दिन पॉजिटिविटी रेट में गिरावट आ रही है। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या आरटी-पीसीआर की जांच बंद होने से संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगा है या फिर वास्तव में कोरोना संक्रमण में कमी आई है, इसका जबाव तो जिम्मेदार ही दे सकते हैं, लेकिन कोरोना के मामलों में कमी आने से हाल फिलहाल तो स्वास्थ्य विभाग राहत महसूस कर रहा है।



### शहर में रेपिड तो ग्रामीण क्षेत्रों में आरटी-पीसीआर की जांच

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने देते हुए बताया कि जिले में रेपिड एंटीजन किट और आरटी पीसीआर दोनों की जांच की जा रही है। जिला चिकित्सालय में भर्ती होने वाले मरीजों के साथ ही जैन स्कूल स्थित कोविड जांच केन्द्र में आने वाले लोगों की रेपिड एंटीजन किट से जांच की जा रही है। इसके अलावा जिले के ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आरटी पीसीआर से जांच की जा रही है। डॉ. सिंघई ने बताया कि गांवों में संक्रमित व्यक्ति मिलने के बाद उस गांव में आरआरटी टीम भी पहुंच रही है और संक्रमित मरीजों के परिजनों और अन्य संदिग्ध व्यक्तियों के सेम्पल ले रही है। उन्होंने बताया कि जिले में औसतन हर दिन 800 लोगों की सेम्पलिंग की जा रही है। जिसमे मेडिकल कॉलेज 350-450 और रेपिड एंटीजन टेस्ट से 250-350 सेम्पल की जांच की जा रही है। जैन स्कूल में सेम्पलिंग के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना पड़ता है।

## खरीदी केन्द्रों में नहीं रहे पुख्ता इंतजाम : बारिश के पानी में भीगा हजारों क्विंटल गेहूं



कल रात भर हुई बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित खरीदी केन्द्रों पर खरीदी केन्द्र प्रभारियों की लापरवाही के चलते खुले आसमान के नीचे रखा हजारों क्विंटल गेहूं बारिश के पानी में भीगकर बरबाद हो गया। खरीदी केन्द्रों में बारिश के पानी से गेहूं को बचाने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए थे। जिसका नतीजा यह हुआ कि किसानों से खरीदा गया गेहूं खराब हो गया।

# सेम्पल लेने गई टीम को खदेड़ा ग्रामीणों ने

### किल कोरोना अभियान : रीठी के हथकुरी का मामला, पुलिस ने किया बीच बचाव



**कटनी।** किल कोरोना अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सेम्पलिंग करने जा रहे कर्मचारियों के साथ अभद्रता और मारपीट के मामले बढ़ते जा रहे हैं। पिछले दिनों रीठी तहसील के बड़गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ हुए अभद्र व्यवहार के बाद कल रीठी क्षेत्र के ग्राम हथकुरी में सैंपल लेने पहुंचे स्वास्थ्य अमले का ग्रामीणों ने विरोध कर दिया। बताया जाता है कि सेम्पलिंग टीम द्वारा समझाने के बाद भी ग्रामीण नहीं माने और लाठी व डंडा लेकर टीम को खदेड़ दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद तहसीलदार व रीठी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। बताया जाता है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम के ग्राम हथकुरी पहुंचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और सैंपल लेने का विरोध करने लगे। जब टीम द्वारा समझाईश दी गई तो ग्रामीण भड़क उठे और किसी भी प्रकार की जांच व सैंपल देने से मना कर दिया। ग्रामीणों ने टीम के साथ अभद्र व्यवहार किया और डंडे लेकर सभी को खदेड़ दिया। बताया जाता है कि किल कोरोना अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी के धीरेन्द्र प्रताप सिंह, आर डी अहिरवार, प्रिया मेहरा व विश्राम यहां सेम्पलिंग के लिए गए थे। ग्रामीणों के विरोध की सूचना मिलने के बाद तहसीलदार राकेश पांडेय, टीआई रोहित यादव पुलिस अमले के साथ पहुंचे, तब कहीं जाकर ग्रामीण शांत हुए और पुलिस सुरक्षा के बीच सैंपलिंग का काम हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रीठी की प्रभारी बीएमओ बबीता सिंह ने बताया कि हथकुरी में ग्रामीणों ने सैंपल लेने गई टीम का विरोध किया और मारपीट पर उतारू थे। सूचना मिलने पर पुलिस और अधिकारी पहुंचे, तब कहीं जाकर लोगों को समझाइश देकर सैंपलिंग कराई गई।



# अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर



### मां व एक बेटे की मौत, पिता व दूसरा बेटा गंभीर

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन की जोरदार ठोकर लगने से मोटर सायकल सवार एक ही परिवार के चार सदस्यों में से मां और एक बेटे की मौत हो गई जबकि पिता व दूसरा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों का उपचार जारी है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक स्लीमनाबाद निवासी 30 वर्षीय धर्मेश पिता एम.आर.हल्दकार मंगलवार की दोपहर पत्नी संगीता हल्दकार, 11 वर्षीय पुत्र शौर्य व 2 वर्षीय पुत्र ध्रुव को मोटर सायकल में बैठाकर किसी कार्यवश पनागर पिपरिया जा रहे थे। इसी दौरान स्लीमनाबाद से निकलते ही पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन ने मोटर सायकल में जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस घायलों को तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां पर दो वर्षीय पुत्र ध्रुव को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं कुछ समय बाद पत्नी संगीता की भी मौत हो गई। वहीं पिता धर्मेश व दूसरा पुत्र शौर्य जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। दोनों का उपचार जारी है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 279, 337, 304ए के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# सीवर लाइन में धंसकर पलटा ट्रक

### नगर निगम व ठेकेदार की लापरवाही उजागर

**कटनी।** सीवर लाइन लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। लगातार हादसे सामने आ रहे हैं। बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक एक में पन्ना मोड़ चौराहे पर सीवर लाइन द्वारा काली मिट्टी डाली गई है। जिसके कारण



रोड भी धंस रही है। छोटे-बड़े वाहन धंसकर गिर रहे हैं। यह कार्य पन्ना मोड़ से लेकर इंदिरा नगर चौराहे तक किया गया है। पूरी जगह काली मिट्टी डाली गई है, जिससे लोगों को भारी परेशानी है। सीवर लाइन धंस भी रही है। एक ट्रक धंसकर पलट गया। यह तो गनीमतत रही कि कोई चपेट में नहीं आया। लगातार हो रहे हादसों से नगर निगम व ठेका कंपनी केके स्पन की लापरवाही सामने आ रही है। गुणवत्ताविहीन कार्य होने से लगातार हादसे हो रहे हैं। गौरतलब है कि अभी कुछ दिनों पूर्व आजाद चौक क्षेत्र में भी एक ट्रक फंस गया था।


श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB — कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV — पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई — त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ — मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को उपलब्ध
डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS, MD, DM. — मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ — महिने के पहले रविवार को उपलब्ध
डॉ. अनिमेश गुप्ता — MBBS, MD, DM. — हृदय रोग विशेषज्ञ — महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध
24x7 दवाईयाँ एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग

उपलब्ध विभाग — हेल्पलाईन नं.8982275111 — उपलब्ध सुविधायें
- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध


## जुआफड़ में कोतवाली पुलिस का छापा

# नई बस्ती में आधा दर्जन गिरफ्तार, 11 हजार 200 रूपए व दो बाइक जप्त

कटनी। कोतवाली पुलिस ने नईबस्ती क्षेत्र में लॉकडाउन के दौरान जुआ खेलते आधा दर्जन युवकों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से 11 हजार 200 रूपए व दो मोटर सायकल सहित लगभग 1 लाख 16 हजार 100 रूपए का मसरूका बरामद किया गया है। कोतवाली प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि नईबस्ती में बजाज हॉस्पिटल के पीछे जुआफड़ संचालित था। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई इस। दौरान सुनील पटेल, प्रदीप निषाद, अज्जू खटवानी, विनय सिंधी, अमित अग्रवाल, शिव कुमार पटेल, दीपक गेलानी को गिरफ्तार किया गया। जुआरियों के पास से 11200 रुपये जप्त किए गए। जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। जुआरियों के पास से दो मोटरसाइकिल जप्त की गई। कुल 1 लाख 16 हजार 200 रुपये की जप्ती की गई है। आरोपियों के खिलाफ लाकडाउन उल्लंघन पर धारा 188 की भी कार्रवाई की गई है।










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)